पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल से मिले सिटी इंटरनेशनल स्कूल, बालागंज, लखनऊ के विद्यार्थी

नई शिक्षा नीति रूचिपूर्ण शिक्षा पर बल देती है

विद्यार्थियों को व्यस्थित दिनचर्या की शिक्षा के साथ–साथ सेवाभाव भी सिखायें

–राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल

लखनऊ : 28 जून, 2023

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनन्दीबेन पटेल से आज यहां राजभवन में सिटी इंटरनेशनल स्कूल, बालागंज, लखनऊ के विद्यार्थियों ने मुलाकात की। इस अवसर पर राज्यपाल जी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्कूल प्रबंधन को बच्चों को शैक्षणिक गतिविधियों के साथ–साथ अन्य सामाजिक सरोकारों से जुड़ी गतिविधियों में भी शामिल करना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चे केवल होम वर्क पर ही आश्रित न रहें बल्कि उनकी सहभागिता वृक्षारोपण, स्वच्छता, जल संरक्षण तथा विभिन्न प्रकार के हुनर से जुड़ी गतिविधियां में भी होनी चाहिए।

राज्यपाल जी ने कहा कि नई शिक्षा नीति में 5वीं क्लास तक की शिक्षा मातृभाषा में देने की व्यवस्था है। क्योंकि कोई भी व्यक्ति जितनी अच्छी तरह से अपनी मातृभाषा में समझ सकता है उतना किसी अन्य भाषा में नही। उन्होंने कहा कि छठी क्लास से बच्चों को उनकी रूचि के अनुसार कुटीर उद्योग, खेती–किसानी, वृक्षारोपण, संगीत, पेंटिंग, योग आदि की शिक्षा भी देनी चाहिए। क्योंकि नई शिक्षा नीति रूचिपूर्ण शिक्षा पर बल देती है।

राज्यपाल जी ने शिक्षकों से कहा कि वे विद्यार्थियों को अपनी व्यवस्थित दिनचर्या की भी शिक्षा दें तथा सेवाभाव सिखायें ताकि वे अपना कार्य स्वयं करें और अपने माता–पिता के कार्यों में भी सहयोगी बनें।

सिटी इंटरनेशनल स्कूल के प्रबन्धक श्री शहाब हैदर ने राज्यपाल जी को बताया कि बालागंज शाखा ने अपनी स्थापना के 10 उत्कृष्ट वर्ष पूरे कर लिये हैं। इस दौरान छात्रों ने विभिन्न वैश्विक मुद्दों जैसे ग्लोबल वार्मिंग, बाघ संरक्षण, पक्षी संरक्षण, वृक्षारोपण जैसे कार्यों में सक्रिय भाग लिया है और विद्यालय उन्हें भविष्य के समाज में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये तैयार कर रहा है। उन्होंने कहा कि मेरा दृढ़ विश्वास है कि हर बच्चे में एक महान व्यक्ति बनने की क्षमता है जो दुनिया में कुछ भी कर सकता है। इसलिए हम बच्चों को बेहतर प्रदर्शन प्रदान कर उनमें सर्वश्रेष्ठ लाने का पूरा प्रयास करते हैं।

इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने राज्यपाल जी के साथ अपने अनुभव भी बांटे। कक्षा 8 की वर्णिका गुप्ता ने बताया कि उन्होंने किस तरह से एक पर्यावरण कार्यकर्ता के रूप में कार्य किया है। उनका लक्ष्य व्यापक स्तर पर सकारात्मक परिवर्तन लाना है। कुमारी अराध्या ने बताया कि भ्रमण पर बॉटेनिकल गार्डेन का भ्रमण करने के बाद उन्हें पौधों की विविधता के बारे में ज्ञान हुआ और उनकी रूचि वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण में बढ़ी।

इस अवसर पर सिटी इंटरनेशनल स्कूल के बच्चे, शिक्षकगण तथा प्रधानाचार्य मौजूद थे।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन
सम्पर्क सूत्र 9453005360